## परिशिष्ट–3

# अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा पाठ्यक्रम

## मुख्य लिखित परीक्षा (विषयपरख प्रकार)

### प्रश्न पत्र–1 सामान्य अध्ययन

**अधिकतम अंक– 200** **समय– 03 घण्टे**

**टिप्पणी–** इस प्रश्न पत्र में 20 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 100 शब्द है।

1. **अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य के महत्व की समसामयिक घटनाएं :–** इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय महत्व की घटनाएं जैसे– गठबंधन सरकार व्यवस्था, आर्थिक उदारीकरण, आर्थिक मंदी, क्षेत्रीय अतिवाद तथा पृथकतावादी आन्दोलन, नक्सलवाद, माओवाद, सलवा जुडम, राष्ट्रीय सुरक्षा, आन्तरिक सुरक्षा, सामुदायिक सौहार्द्र और अन्तराष्ट्रीय परिदृश्य में जैसे नाभिकीय नीति–मुद्दे एवं विवाद; भुमण्डलीकरण का विकासशील देशों की सामाजिक–आर्थिक परिस्थतियों पर प्रभाव एवं वैश्विक खाद्य संकट सम्मिलित होंगे।
2. **खेल–कूद :–**विश्व, भारत एवं उत्तराखण्ड के महत्वपूर्ण खेलकुद, प्रतियोगिताएं, पुरुस्कार एवं सम्बन्धित व्यक्तियों पर आधारित प्रश्न होंगे।
3. **भारत का इतिहास :–** भारत के प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास के अन्तर्गत भारत के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक पक्षों की जानकारी; भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन, राष्ट्रवाद का विकास एवं स्वतंत्रता की प्राप्ति।
4. **भारतीय संविधान का आधारभूत ज्ञान :–** इसके अन्तर्गत भारतीय संविधान पर आधारित ऐसे प्रश्न होंगे जिनकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने कभी संविधान का विशेष अध्यन न किया हों। सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बौद्धिक सम्पदा का अधिकार और उपभोक्ता संरक्षण अधिकार, समाज के निर्बल एवं अल्प संख्यक समुदाय के लिये बनाये गये विभिन्न कानून तथा कल्याणकारी कार्यक्रम एवं उनके उत्थान हेतु विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य आयोग से सम्बन्धित प्रश्न भी होंगे।
5. **भारतीय राज्यव्यवस्था और अर्थव्यवस्था :–** इसके अन्तर्गत भारतीय राजनैतिक व्यवस्था, पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था एवं योजना की विशिष्टिताओं की व्यापक समझ से सम्बन्धित प्रश्न होंगे।
6. **भारत का भूगोल एवं जनांकिकी :–** इसके अन्तर्गत भारत के भौगोलिक, पारिस्थितिकीय, सामाजिक, आर्थिक एवं जनांकिकीय पहलुओं की समझ से संबन्धित प्रश्न होंगे।
7. **सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण :–** सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण के अन्तर्गत विज्ञान एवं पर्यावरण की समझ एवं अनुप्रयोग जिसमें दैनिक जीवन के प्रेक्षण एवं अनुभव पर ऐसे

प्रश्न होंगे, जिसकी किसी भी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने विज्ञान की किसी भी शाखा का विशेष अध्ययन नहीं किया हो। वैश्विक पर्यावरणीय समस्यायें एवं समाधान, मानव के शारीरिक विकास हेतु पोषणीय आवश्यकताएं, अनुवांशिक अभियंत्रण के मानवहित में अनुप्रयोग, पशु, पक्षी एवं पादपों के रोग तथा इनकी रोक थाम।

8. **भारतीय कृषिः—** इसके अनतर्गत फसलों, श्वेत, पीत एवं हरित क्रांति, कृषि उत्पादन तथा इसका भारतीय ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में योगदान, सेज, कृषि के क्षेत्र में नैनो एवं बॉयो प्रौद्योगिकी का उपयोग, भारतीय किसानों की समस्यायें एवं भूमि सुधार पर आधारित प्रश्न होंगे।
9. **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी :—** इस भाग में उम्मीदवारों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रोनिक मीडिया के क्षेत्र में विकास तथा कम्प्यूटर सम्बन्धी आधारभूत ज्ञान तथा साइबर अपराध के ज्ञान का परीक्षण होगा।
10. **उत्तराखण्ड का इतिहास :** उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमिः प्राचीनकाल (आरम्भ से 1200 ई0 तक): मध्यकाल (1200 से 1815 ई0 तक): प्रभावशाली राजवंश एवं उनकी उपलब्धियाँ, गोरखा आक्रमण एवं शासन, ब्रिटिश शासन, टिहरी रियासत एवं उसकी शासन व्यवस्था, स्वतंत्रता आन्दोलन में उत्तराखण्ड की भूमिका और इससे सम्बन्धित प्रमुख विभूतियाँ, प्रमुख ऐतिहासिक स्थल एवं स्मारक, उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आन्दोलन, उत्तराखण्ड के लोगों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में; विशेष रूप से सशस्त्र बलों में योगदान; विभिन्न समाज सुधार आन्दोलन तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बच्चों, दलितों एवं महिलाओं हेतु उत्तराखण्ड शासन के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम।
11. **उत्तराखण्ड की संस्कृति :** जातियां एवं जनजातियां, धर्म एवं लोक विश्वास, साहित्य, लोक साहित्य, परम्पराएं एवं रीति—रिवाज, वेश—भूषा एवं आभूषण, मेले एवं त्यौहार, खान—पान, कला शिल्प ; नृत्य, गायन एवं वाद्य यंत्र, प्रमुख पर्यटन—स्थल, महत्वपूर्ण खेलकूद, प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार, उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लेखक एवं कवि तथा उनका हिन्दी—साहित्य एवं लोक—साहित्य में योगदान, उत्तराखण्ड शासन द्वारा संस्कृति के विकास हेतु उठाए गए कदम।
12. **<u>उत्तराखण्ड का भूगोल एवं जनांकिकीः</u>** भौगोलिक स्थिति। उत्तराखण्ड हिमालय की प्रमुख विशेषताएं। उत्तराखण्ड में नदियां, पर्वत, जलवायु, वन संसाधन एवं बागवानी। प्रमुख फसलें एवं फसल चक्र। सिंचाई के साधन। कृषि जोतें। प्राकृतिक एंव मानव जनित आपदायें एवं आपदा प्रबन्धन। जल संकट और जलागम प्रबन्धन। दूरस्थ क्षेत्रों की समस्याऐं। पर्यावरण एवं पर्यावरणीय आन्दोलन। जैव विविधता एवं इसका संरक्षण।

उत्तराखण्ड की जनसंख्याः वर्गीकरण, धनत्व, लिंगानुपात, साक्षरता एवं जनसंख्या पलायन।

13. **उत्तराखण्ड का आर्थिक, राजनीतिक व प्रशासनिक परिवेश :**

**राजनीतिक एवं प्रशासनिक परिवेशः—** उत्तराखण्ड में गठित सरकारें एवं उनकी नीतियाँ, राज्य की विभिन्न प्रकार की सेवाएं, प्रदेश की राजनैतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था, पंचायती—राज, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता।

**प्रशासनिक व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि** — गोरखा एवं ब्रिटिश शासन काल में भूमि सम्बन्धी व्यवस्थाएँ— जिला भूमि प्रबन्धन (थोकदारी, वन पंचायतें, सिविल एवं सोयम वन केशर हिन्द (बेनाप भूमि) नजूल, नयाबाद बन्दोबस्त)। आधुनिक काल— उत्तर प्रदेश एवं कुमाऊँ—उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम लागू होने के बाद भूमि—सुधार, लैंड टैन्योर में परिर्वतन, लगान वसूली व्यवस्था। राजस्व पुलिस—व्यवस्था।

**आर्थिक परिवेशः—** सीमान्त जनपदों का प्राचीन काल में तिब्बत से व्यापार एवं व्यापार की वर्तमान स्थिति, स्थानीय कृषि, पशुपालन, कृषि जोतों की अलाभकर स्थिति व चकबंदी की आवश्यकता, बेगार तथा डडवार प्रथा।

14. **आर्थिक व प्राकृतिक संसाधनः—** मानव संसाधन, प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था एवम् प्रमुख शिक्षण संस्थान; वन, जल, जडी—बूटी, कृषि, पशुधन, जल—विद्युत, खनिज, पर्यटन, उद्योग (लघु व ग्रामीण) संसाधनों के उपयोग की स्थिति।

उत्तराखण्ड में गरीबी व बेरोजगारी, उन्मूलन व आर्थिक विकास की दिशा में चलाई जा रही विभिन्न योजनाएँ/आर्थिक क्रियायें एवं इनका राज्य जी0 डी0 पी0 में योगदान, उत्तराखण्ड में विकास की प्राथमिकतायें व नियोजन की नवीन रणनीति तथा समस्याएँ। उत्तराखण्ड में विपणन की सुविधाएं तथा कृषि मन्डियां, उत्तराखण्ड के बजट की प्रमुख विशेषताएँ।

15. **सांख्यिकीय विश्लेषण, आलेख एवं रेखाचित्र :—** इस भाग में अभ्यर्थी की सांख्यिकीय आलेखों एवं रेखा चित्रों के रूप में प्रस्तुत सूचना से निष्कर्ष निकालने और उनका निर्वचन करने की योग्यता का परीक्षण होगा।

# Appendix-3

# Lower Subordinate Services Examination Syllabus

## Main Examination (Descriptive Type)

### Paper-1 General Studies

**Maximum Marks- 200** **Time- 3 Hours**

**Note-** This paper carries 20 questions. Each question carries 10 marks. All questions are compulsory. The word limit for each question is 100 words.

**1-** **Current events of International, National and State Importance:** It will cover events of national importance like coalition government system, economic liberalization, economic recession, regional extremism and separatist movements – Naxalism; Maoism and Salwa judum; national security, internal security, communal harmony, and international perspectives like- nuclear policy issues and conflicts; impact of globalization on the socio-economic conditions of developing countries and global food crisis.

**2-** **Sports and Games:** Questions based on important sports, games and tournaments, awards and personalities of the world, India and Uttarakhand will be asked.

**3-** **History of India:** History of India will cover a broad understanding of ancient, mediaeval and modern India's political, socio-economic and cultural aspects; Indian freedom movement, growth of nationalism and attainment of Independence.

**4-** **Elementary Knowledge of Indian Constitution:** Questions will be set on Indian Constitution as may be expected from an educated person who has not made a special study of the Constitution. RTI, Right to education, Intellectual property right and Consumer protection rights. Different Welfare programmes and Acts passed for the weaker and minority sections of society and different National and State Commissions for their upliftment.

**5-** **Indian polity and Economy:** The questions will cover Indian polity, Panchayati raj and Community development, broad features of Indian economy and planning.

**6-** **Geography of India and Demography:** It will include questions on broad understanding of geographical, ecological, socio-economic and demographic aspects of India.

7- **General Science and Environment:** Questions on General science and environment will cover general understanding and application of science, including matters of day to day observation and experience, as may be expected from an educated person who has not made a special study of any particular scientific discipline, global environmental problems and solutions, nutritional requirements for human growth, application of genetic engineering in human welfare; diseases of cattle, birds, plants and their prevention.

8- **Indian Agriculture:** Questions will cover the general awareness of candidates in respect of crops, white, yellow and green revolutions, agricultural production and its contribution to rural economy, SEZ, use of Nano and bio-technologies in the field of agriculture, problems of Indian farmers, and land reforms.

9- **Science and Technology:** Questions will be based on candidate's awareness of the development in the field of science and technology, information technology, space technology, electronic media, basic knowledge of computers and cyber crimes.

10- **History of Uttarakand :** Historical background of Uttarakhand: Ancient period (from earliest to 1200 AD) ; Mediaeval period (from 1200 to 1815 AD): Important dynasties and their achievements; Gorkha invasion and administration, British rule, Tehri State and its administration, role of Uttarakhand in the Freedom movement of India and related eminent personalities, historical sites and monuments; movement for the formation of Uttarakhand, contribution of people of Uttarakhand in national and international fields, especially in Armed forces; different social reform movements, and different welfare programmes of Uttarakhand for SC, ST, children, minorities and women.

11- **Culture of Uttarakand :** Castes and tribes, religious and folk beliefs, literature and folk literature, traditions and customs, costumes and ornaments; Fairs and Festivels, food habits, Art and Crafts, dances, songs, musical instruments, major tourist places,_important sports, tournaments and awards, famous authors and poets of the Uttarakhand and their contribution in the field of Hindi literature and folk literature, State steps taken by Uttarakhand for the development of culture.

12- **Geography and Demography of Uttarakhand :**

Geographical Setup. Salient features of Uttarakhand Himalaya. Rivers and streams, mountains, climate, forest resources and horticulture. Major crops and crop rotation. Means of irrigation. Agricultural holdings. Natural and man made calamities and Disaster management. Water crises and watershed management. Problems of remote areas. Environment and environmental

movements. Biodiversity and its preservation. Population of Uttarakhand: Classification, density, sex ratio, literacy and out-migration.

**13-** **Economic, Political and Administrative Background of Uttarakhand:**

**Political and Administrative Background-** Elected governments in Uttarakhand and their policies, different services in the State, the political and administrative systems, Panchayti raj,Community development and Co-operatives.

**The historical background of the adminstrative system in Uttarakhand-** Land management system under Gorkhas rule and British rule, district land management (Thokdari, van panchayat, civil and soyam forest, Kesar-i-hind(benap land)Nazul, nayabad settlements) Modern period- Uttar Pradesh and Uttarakhand-Kumaun land reforms, change in land tenures and collection of land revenue after the enforcement of Zamidari Abolition Act, revenue police system.

**Economic background –** Indo-Tibetan trade from border districts, the present position, local agriculture and animal husbandry, the uneconomic condition of land holdings and need for consoldation of holdings, Begar and Dadwar systems.

**14-** **Economic and natural resoures :** Human resources, Education system of the State and important educational institutes; forest, water, herbs, agriculture, animals, hydro electricity, minerals, tourism, industries (Small and Village) the position of utiliszation of resources.

Various schemes being implemented in Uttrarakhand for the eradication of poverty and unemployment and for economic development. Economic activities and their contribution in the State GDP. The priorites of development in Uttarakhand and new strategies of planning and problems. Marketing facilities in Uttarakhand and agriculture mandis. The salient features of the budget of Uttarakhand State.

**15-** **Statistical analysis, graphs and diagrams:** Questions will be based on candidate’s ability to draw conclusions from information presented in statistical, graphical and diagrammatical form and to interpret them.

## परिशिष्ट–3

# प्रश्न पत्र– 2 निबन्ध एवं आलेखन (विषयपरख)

**समय– 03 घण्टे** **अधिकतम अंक– 200**

**1. निबन्ध –** **50 अंक**

निम्नलिखित में से किसी एक शीर्षक पर हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लगभग 400 शब्दों में निबन्ध लिखिए।

अ– साहित्य और संस्कृति (Literature & Culture)

ब– सामाजिक क्षेत्र (Social Sphere) एवं राजनीतिक क्षेत्र (Political Sphere)

स– उत्तराखण्ड का सामाजिक क्षेत्र (Social Sphere) एवं राजनीतिक क्षेत्र (Political Sphere)

द– विज्ञान पर्यावरण एवं प्रौद्योगिकी (Science, Environment & Technology)

य– राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय घटनाक्रम (National & International Events)

र– प्राकृतिक आपदायें यथा भूस्खलन, भूकम्प, बाढ़, सूखा आदि। (Natural Calamities like Land slide, Earthquake, Deluge, Drought etc.)

**2. हिन्दी सारांश लेखन (लगभग 300 शब्दों में)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | उचित शीर्षक– | **05 अंक** | |
| (ख) | मूल गद्यांश का सारांश– | **30 अंक** | **50 अंक** |
| (ग) | तीन रेखांकित अंशों की व्याख्या– | **15 अंक** | |

**3. हिन्दी आलेखन–** **50 अंक**

शासकीय, अर्द्धशासकीय पत्र, कार्यालय आदेश, कार्यालय ज्ञाप, परिपत्र, विज्ञप्ति, निविदा सूचना टिप्पणी।

**4.** हिन्दी गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद – **25 अंक**

**5.** अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद – **25 अंक**

## <u>Personality Test (Interview) – 50 Marks</u>